केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना

प्रिलिम्स के लिये:

केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना, पन्ना टाइगर रिज़र्व, NGT, राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना।

मेन्स के लिये:

केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना और संबंधित मुद्दे।

चर्चा में क्यों?

हाल ही में जल शक्ति मंत्रालय ने केन-बेतवा लिंक परियोजना (KBLP) पर एक बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें कहा गया कि यह केंद्र सरकार की **"प्रमुख" परियोजना** है और "बुंदेलखंड क्षेत्र" की जल सुरक्षा एवं सामाजिक-आर्थिक विकास के लिये महत्त्वपूर्ण है"।

- दिसंबर 2021 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कुल 44,605 करोड़ रुपए की लागत की KBLP परियोजना को मंज़ूरी दी।
- **राजनीतिक और पर्यावरणीय मुद्दों के कारण परियोजना में देरी हुई है।**



//

केन-बेतवा लिंक परियोजना:

- **परिचय:**
  - **केन-बेतवा लिंक परियोजना (Ken-Betwa Link Project- KBLP)** नदियों को आपस में जोड़ने की परियोजना है, इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश के सूखाग्रस्त बुंदेलखंड क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु**मध्य प्रदेश की केन नदी के अधिशेष जल को बेतवा नदी में हस्तांतरित करना है।**
    - यह क्षेत्र उत्तर प्रदेश के झाँसी, बांदा, ललितपुर और महोबा ज़िलों तथा मध्य प्रदेश के टीकमगढ़, पन्ना तथा छतरपुर ज़िलों में फैला हुआ है।
  - इस परियोजना में 77 मीटर लंबा तथा 2 किमी. चौड़ा दौधन बाँध (Dhaudhan Dam) एवं 230 किलोमीटर लंबी नहर का निर्माण कार्य शामिल है।
  - केन-बेतवा देश की 30 नदियों को जोड़ने हेतु शुरू की गई नदी जोड़ो परियोजनाओं (River Interlinking Projects) में से एक है।
- **महत्त्व:**
  - बहुउद्देश्यीय बाँध के निर्माण से न केवल जल संरक्षण में तेज़ी आएगी, बल्कि 103 मेगावाट जल-विद्युत के उत्पादन के साथ ही 62 लाख लोगों हेतु पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

परियोजना से संबंधित चिंताएँ:

- **पर्यावरणीय:**
  - कुछ पर्यावरणीय और वन्यजीव संरक्षण संबंधी चिंताओं जैसे- पन्ना बाघ अभयारण्य के महत्त्वपूर्ण बाघ आवास क्षेत्र का हिस्सा इस परियोजना में आता है, के कारण राष्ट्रीय हरित अधिकरण (National Green Tribunal- NGT) तथा अन्य उच्च अधिकारियों से अनुमोदन प्राप्त करने में हो रही देरी की वजह से यह परियोजना अटकी हुई है।

- **आर्थकि:**
    - परयिोजना के कार्यान्वयन और रखरखाव के साथ एक बड़ी आर्थकि लागत जुड़ी हुई है, जो परयिोजना के कार्यान्वयन में देरी के कारण बढ़ रही है।
- **सामाजकि:**
    - इस परयिोजना के कार्यान्वयन के परणिामस्वरूप हुए **वसि्थापन के कारण पुनर्नरि्माण और पुनर्वास में सामाजकि लागत भी शामलि होगी।**
    - इस बात की भी चति है कयिह **परयिोजना पन्ना ज़लिे की जल सुरक्षा को प्रभावति कर सकती है।**
- **वैधानकि:**
    - KBLP को दी गई **स्वीकृतयिों में वैधानकि समस्याएँ भी हैं।**
    - वन्यजीव (संरक्षण) अधनियिम, 1972 की धारा 35(6) के प्रावधान के अनुसार, केन-बेतवा लकि परयिोजना के लयि **राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समतिि द्वारा अनुमोदन वन्यजीवों के सुधार और बेहतर प्रबंधन हेतु आवश्यक साबति नहीं** हुआ है।

नदयिों को आपस में जोड़ने हेतु राष्ट्रीय परप्रि्रेक्ष्य योजना:

- **राष्ट्रीय नदी लकि परयिोजना ((The National River Linking Project- NRLP)),** जसिे औपचारकि रूप से **राष्ट्रीय परप्रि्रेक्ष्य योजना** के रूप में जाना जाता है, अंतर-बेसनि जल अंतरण परयिोजनाओं के माध्यम से जल का हस्तांतरण जल 'अधशिेष' वाले बेसनिों (जहाँ बाढ़ आती है) से जल की कमी वाले बेसनिों में (जहाँ सूखा होता है) करने की कल्पना की गई है।
- **राष्ट्रीय परप्रि्रेक्ष्य योजना (National Perspective Plan- NPP) के तहत** राष्ट्रीय जल वकिास एजेंसी (National Water Development Agency- NWDA) ने उपयोगति रपिोर्ट (Feasibility Reports- FR) तैयार करने के लयि 30 लकिों (प्रायद्वीपीय क्षेत्र के तहत 16 और हमिालयी क्षेत्र के तहत 14) की पहचान की है।
- जल की अधकिता वाले बेसनिों से जल की कमी वाले बेसनिों में जल स्थानांतरति करने के लयि यह **NPP** अगस्त 1980 में तैयार कयिा गया था।



केन और बेतवा नदी:

- केन और बेतवा नदियों का उद्गम स्थल मध्य प्रदेश में है, ये यमुना की सहायक नदियाँ हैं।
- केन नदी उत्तर प्रदेश के बांदा ज़िले में यमुना नदी में मलिती है तथा बेतवा नदी से यह उत्तर प्रदेश के हमीरपुर ज़िले में मलिती है।
- राजघाट, पारीछा और माताटीला बाँध बेतवा नदी पर नरि्मति हैं।
- केन नदी पन्ना बाघ अभयारण्य से होकर गुज़रती है।

[केंद्रीय मंत्रमिंडल ने केन-बेतवा नदी जोड़ने वाली परयिोजना के वत्तिपोषण को मंज़ूरी दी]

[स्रोत: द हदि्]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ken-betwa-river-link-project-1